# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–09 सितम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

नए संसद भवन में उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए आज दिन में मतदान हुआ। आज ही मतगणना भी हो रही है। इस चुनाव में सी. पी. राधाकृष्णन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के उम्मीदवार हैं, जबकि इंडिया गठबंधन ने बी. सुदर्शन रेड्डी को अपना उम्मीदवार बनाया है। उप राष्ट्रपति पद के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सबसे पहले मतदान किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बस्ती जिले में अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान विद्या भारती के सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी देश के शक्तिशाली, समर्थ और आत्मनिर्भर होने की शुरूआत वहां की शिक्षा से होती है।

***याद रखना कोई भी देश शक्तिशाली हो, समर्थ हो, आत्मनिर्भर हो, इसकी शुरुआत होती है शिक्षा से। दुनिया के अंदर जब समृद्धि की चर्चा होती है और उनके द्वारा जो पैरामीटर तय होते हैं, उस पैरामीटर में सबसे पहला पैरामीटर आता है शिक्षा। शिक्षा कैसी होनी चाहिए। शिक्षा के पीछे में उद्देश्य क्या होना चाहिए। शिक्षा के बाद फिर स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जाती है। स्वास्थ्य के बाद कृषि और जल संसाधन को प्राथमिकता दी जाती है। इसके उपरांत कौशल विकास और रोजगार को, इंप्लायमेंट को उसके बाद इसके साथ जोड़ा जाता है। और फिर पर्यावरण को ध्यान में रख कर के किस प्रकार का विकास हो जो पर्यावरण के अनुकूल हो यह सभी पैरामीटर तय करने के बाद ही यह तय होता है कि अगर ये ये पैरामीटर आप तय कर रहे हैं तो समग्र विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल हो पाएंगे।***

मुख्यमंत्री आज दोपहर बाद गोरखपुर पहुंचे। वह गोरखपुर में आयोजित विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं।

**********

विदेश मंत्रालय ने नेपाल में विरोध प्रदर्शनों के बीच वहां रह रहे भारतीय नागरिकों को नेपाली अधिकारियों द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने और सावधानी बरतने की सलाह दी है। मंत्रालय ने बताया कि भारत, नेपाल के घटनाक्रमों पर नजर रखे हुए है। मंत्रालय ने कहा कि सुरक्षा बलों को शक्ति का प्रयोग करने पर बुनियादी सिद्धांतों का अनुपालन करना चाहिए।

**********

इस वर्ष स्वाधीनता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिवाली से पहले वस्तु और सेवा कर–जीएसटी में नए सुधारों की घोषणा की थी। जीएसटी परिषद ने तीन सितंबर को आम लोगों को राहत प्रदान करने के लिए दरों को युक्तिसंगत बनाने की मंजूरी दी। जीएसटी में सुधार बाईस सितम्बर से लागू हो जाएंगे। कॉस्मैटिक्स यानि सौंदर्य प्रसाधन क्षेत्र के लिए किए गए सुधारों को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***सौंदर्य वस्तुओं पर जीएसटी दर 18: से घटाकर 5: कर दी गई है जिससे हेयर ऑयल, शैंपू, शेविंग क्रीम, तथा लोशन, टूथपेस्ट, टेलकम पाउडर, और फेस पाउडर जैसे रोजाना इस्तेमाल किए जाने वाले उत्पाद सस्ते हो जाएंगे। वहीं टूथ पाउडर पर भी जीएसटी दर 12: से घटकर 5: हो गई है। जीएसटी में इन सुधारों से अब सौंदर्य प्रसाधन की वस्तुएं उपभोक्ताओं को काफी किफायती दर पर मिलेंगी। रोहन के साथ दिलनशी आरजू आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

श्रीराम मंदिर का निर्माण मार्च दो हजार छब्बीस तक पूरा हो जाएगा। श्री राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र ने बताया कि मंदिर सम्बन्धित अब किसी भी तरह का नया प्रोजेक्ट नहीं शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में निर्माणाधीन तीनों प्रवेश और निकास द्वार शीघ्र ही आकार ले लेंगे। इन सभी द्वार का नाम प्रसिद्ध संतों के नाम पर रखा जाएगा।

**********

आगामी त्योहारों पर यात्रियों की होने वाली भीड़ को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे जौनपुर होते हुए पूजा स्पेशल गाड़ियों का संचालन करेगा। यह जानकारी पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी के जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इन ट्रेनों का संचालन आगामी 26 सितम्बर से 28 नवम्बर के बीच होगा। ये ट्रेन बिहार के छपरा से चल कर जौनपुर होते हुए गुजरात के उधना स्टेशन तक चलाई जाएंगी।

**********

प्रदेश के प्रयागराज, आगरा और मथुरा सहित कई अन्य जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। हमारे आकाशवाणी संवाददाता के अनुसार यमुना नदी के पानी से मथुरा सबसे ज़्यादा प्रभावित हुआ है, जहाँ कई रिहायशी इलाके पानी में डूबे हुए हैं।

**********